# मोटो जीपी का संचालन 'ब्रांड यूपी' को मजबूत करेगा

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत की मेजबानी में पहली बार आयोजित होने जा रही विश्व की सबसे तेज मोटर बाइक रेस 'मोटो जीपी-2023' के पहले टिकट का मंगलवार को अनावरण किया। मुख्यमंत्री ने अपने सरकारी आवास में कहा कि मोटो जीपी विश्व की सबसे बड़ी, सबसे तेज और पुरानी बाइक रेसिंग प्रतियोगिता है। यह पहली बार भारत की मेजबानी में यूपी के बुद्धा इंटरनेशनल सर्किट, ग्रेटर नोएडा में 22 से 24 सितंबर 2023 तक होगी। मोटो जीपी भारत रेसिंग प्रतियोगिता का सफल संचालन वैश्विक स्तर पर 'ब्रांड उत्तर प्रदेश' को मजबूती से स्थापित करेगा।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को मोटो जीपी भारत-2023 रेस के पहले टिकट का अनावरण किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस ग्लोबल इवेंट को लेकर उत्सुकता रहती है। यह दुनिया का 5वां सबसे ज्यादा देखा जाने वाला इवेंट है। इसके 350 करोड़ बार वीडियो देखे जा चुके हैं। इस वर्ष यूरोप के बाहर पहली बार उत्तर प्रदेश में मोटो ई-रेस का भी आयोजन किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि पिछली सरकारों के असहयोग और उदासीनता के कारण उत्तर प्रदेश में लायी गयी 'फॉर्मूला वन रेस' को मात्र एक बार आयोजित कराकर बन्द कर दिया गया था। यही कारण है कि इस रेस के आयोजक सीईओ श्री कार्मेलो जब गत वर्ष मुझसे मिले थे, तब वे वर्ष 2023 में उत्तर प्रदेश में इस रेस के आयोजन को लेकर सशंकित थे। उन्होंने उत्तर प्रदेश में इस रेस के आयोजन के सम्बन्ध में सरकार के पूर्ण सहयोग और सुरक्षा का भरोसा दिया था। मुख्यमंत्री ने हर्ष जताते हुए कहा कि मोटो जीपी के कुल सदस्य देशों में 12 देश जी-20 के सदस्त हैं। इसमें अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस और जापान भी शामिल हैं। वर्तमान में भारत जी-20 की अध्यक्षता कर रहा है और जिस समय यह प्रतियोगिता आयोजित होगी, उसी समय जी-20 के राष्ट्राध्यक्ष नई दिल्ली में उपस्थित होंगे। आयोजकों को शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा प्रतियोगिता में प्रयोग होने वाली बाइक में 30% एथेनॉल का प्रयोग करना, सराहनीय है।